Downloaded from SkillCouncils.com


# उ0प्र0 डिज़ाइन एवं शोध संस्थान, लखनऊ

**U.P. Institute of Design & Research, Lucknow**

**( सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, उ0प्र0 सरकार की स्वायत्तशासी संस्था )**

हरिहरपुर, नियर– देलही पब्लिक स्कूल, राबर्टस लाइन,

अमर शहीद पथ, लखनऊ– 226002

कार्यालय दूरभाष– 0522–3547084, वेबसाइट– www.upid.ac.in, ई–मेल–admin@upid.ac.in

UPiDR


पत्रांक 212......../उ0प्र0डि0संस्थान(ल.)/2025–26 दिनांकः 26/11/2025

## अभिरूचि हेतु आमंत्रण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत **06 जनपद क्रमशः ललितपुर, जालौन, रायबरेली, उन्नाव, लखीमपुर खीरी एवं अमेठी** में प्रशिक्षण संपन्न कराये जाने हेतु **बढ़ई, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची, नाई एवं दर्जी ट्रेड** में सेक्टर स्किल काउंसिल से टी0ओ0टी0 धारकों की आवश्यकता है।

तत्क्रम में जिन फर्मों के पास सम्बन्धित सेक्टर स्किल काउंसिल के टी0ओ0टी0 धारक/ट्रेनरों से भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों (विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद–एक उत्पाद योजना, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन तथा हस्तशिल्प विकास योजना) एवं विकास आयुक्त हस्तशिल्प में प्रशिक्षण कराये जाने का अनुभव है, से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। फर्म के चयन हेतु नियम व शर्तें निम्नवत है–

1. UP INSTITUTE OF DESIGN LKO के नाम पर धनराशि रु0 10,000.00 (रुपया दस हजार मात्र) की फीस डिमांड ड्राफ्ट के रूप में आवेदन के साथ जमा करनी होगी जो Non Refundable होगी।
2. विगत वर्षों में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद–एक उत्पाद योजना, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन तथा हस्तशिल्प विकास योजना एवं विकास आयुक्त हस्तशिल्प में प्रशिक्षण प्रदान करने के कार्यादेश।
3. धनराशि रु0 100.00 के स्टाम्प पर नॉन ब्लैकलिस्ट सर्टिफिकेट (नोटरी सहित)।
4. प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराने हेतु अधिकृत व्यक्ति का नाम, पता व मोबाइल नम्बर।
5. आधार कार्ड तथा पेन कार्ड।
6. जी0एस0टी0 सर्टिफिकेट।
7. विगत तीन वर्षों का सी0ए0 द्वारा ऑडिटिड आई0टी0आर0 एवं बैलेंस सीट (UDIN सहित)।
8. विगत 03 वर्षो का सीए द्वारा प्रमाणित टर्नओवर सर्टिफिकेट।
9. फर्म के पास उपलब्ध टी0ओ0टी0 धारक/ट्रेनर की सूचना निर्धारित प्रारूप पर तथा सेक्टर स्किल काउंसिल का निर्धारित क्यूपी कोड का सर्टिफिकेट संलग्न करना अनिवार्य है।

| **विश्वकर्मा श्रम सम्मान** | | |
|---|---|---|
| **क्र0सं0** | **ट्रेड का नाम** | **क्यूपी कोड** |
| 1. | बढ़ई | FFS/Q0102 |

Downloaded from SkillCouncils.com

| | | |
|---|---|---|
| 2. | राजमिस्त्री | CON/Q0102, CON/Q0103, CON/Q3603-SI003, CON/Q3603 |
| 3. | हलवाई | FIC/QA504. FIC/Q9007, FIC/Q0101, FIC/Q0103, FIC/Q0102 |
| 4. | मोची | LSS/Q2201, LSS/Q2301, LSS/Q5501, LSS/Q2501 |
| 5. | नाई | BWS/N9001, BWS/N0201, BWS/N0202, BWS/N0203, BWS/N0214 |
| 6. | दर्जी | AMH/Q0301, AMH/Q1230, AMH/Q1010, AMH/Q1947, AMH/Q0701 |

**सूचना का निर्धारित प्रारूपः–**

| क्र0 | टी0ओ0टी0 धारक/ ट्रेनर का नाम | पिता/ पति का नाम | ट्रेड | सेक्टर स्किल काउंसिल का नाम | सर्टिफिकेट नम्बर | वैधता | आधार नम्बर | मोबाइल नम्बर | पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

**नोट– न्यूनतम 10 टी0ओ0टी0 धारक उपलब्ध कराना अनिवार्य है।**

उक्त कार्य को करने हेतु इच्छुक फर्में दिनांक– 08/12/2025 को सायं–05.00 बजे तक अपना आवेदन सीलबन्द लिफाफे में एडमिन कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें।

प्राप्त आवेदनों को दिनांक– 09/12/2025 को पूर्वाह्न–11.00 बजे सम्बन्धित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। एक या सभी आवेदन निरस्त करने का अधिकार निदेशक में निहित होगा।

**(प्रांजल यादव)**
निदेशक

**प्रतिलिपिः–** श्री दीप मौर्या, सिस्टम एनालिस्ट को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित आवेदन संस्थान की बेबसाइट पर अपलोड कर उसका स्क्रीनशॉट लेकर पत्रावली में संरक्षित करना सुनिश्चित करें।

**(प्रांजल यादव)**
निदेशक